**केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण**
**राजभाषा अनुभाग**

---

फाईल सं0- सीईए/एसवाई/27-27/1/2020-राजभाषा/23 दिनांक- 14 .08.2026

**परिपत्र**

**विषयः केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण मुख्यालय में "हिंदी पखवाड़ा, 2026" का आयोजन।**

केविप्रा मुख्यालय में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी दिनांक 14 सितंबर, 2026 से 29 सितम्बर, 2026 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 11 जून, 2026 के अर्धशासकीय पत्र के माध्यम से जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस वर्ष हिंदी दिवस का समारोह एवं पंचम अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर, 2026 को नवी मुंबई, महाराष्ट्र में किया जाना है, तथा अन्य आयोजन दिनांक 16.09.2026 के बाद अपने-अपने मुख्यालय में किए जाने हैं। तदनुसार हिंदी पखवाड़ा, 2026 के दौरान केविप्रा मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों में हिंदी कार्यशाला का आयोजन, हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन, काव्य पाठ के साथ-साथ पुरस्कार वितरण समारोह इत्यादि प्रमुख हैं।

केविप्रा के सभी प्रभाग/अनुभाग प्रमुखों से अनुरोध किया जाता है कि कृपया आप अपने प्रभाग/अनुभाग के सभी कार्मिकों सहित उपर्युक्त समारेह तथा पुरस्कार वितरण समारोह के दिन आयोजित किए जाने वाले काव्य पाठ में अपनी प्रतिभागिता सुनिश्चित कर कार्यक्रम को सफ़ल बनाएँ। आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों का पूर्ण विवरण आयोजक समिति के निर्णय के पश्चात् जारी किया जाएगा।

14/08/26

**(शेफ़ाली दुष्यन्त)**
**सहायक निदेशक (राजभाषा) प्रभारी**

**केविप्रा कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारी**

पश्चिमी खंड-2, प्रथम तल, विंग-5, आर.के. पुरम सेक्टर-1, नई दिल्ली-110066 ईमेल: rajbhasha-cea@gov.in वेबसाइट: www.cea.nic.in
West Block-II, 1st floor, Wing-5, R.K. Puram Sector-1, New Delhi-110066 Email: rajbhasha-cea@gov.in Website: www.cea.nic.in